## ◆ मिशन शक्ति अभियान-5 के तहत जनपद के समस्त थानों में गठित एण्टी रोमियों टीमों द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त कर शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरुक किया गया-

मिशन शक्ति अभियान फेज - **5.0"** व "शक्ति दीदी" अभियान के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में महिलाओं के सशक्तिकरण, स्वावलंबन एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक **04.11.2024** को जनपद के प्रत्येक थाने में गठित मिशन शक्ति/एण्टीरोमियों पुलिस टीम द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रअन्तर्गत विभिन्न ग्राम, महत्वपूर्ण स्थलों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके विरुद्ध हो रहे विभिन्न अपराध जैसे- सार्वजनिक स्थलो में छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं/अपराधओं को रोकने के लिये एवं ऐसे अपराधों के प्रति आवाज उठाने के लिये उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया।

इस दौरान उनकी सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू**0**पी**0-112** नम्बर, वूमेन पावर लाइन **1090,** यूपी कॉप एप, महिला हेल्प लाइन **181,** मुख्यमंत्री हेल्प लाइन **1076,** चाइल्ड हेल्प लाइन **1098,** साइबर हेल्पलाइन **1930** इत्यादि के बारे में जानकारियां प्रदान की गई। इस दौरान सभी को अवगत कराया गया कि सभी थानों में उनकी सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा उनकी शिकायतें सुनी जाती हैं तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है।















## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक 04.11.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 04.11.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांकः- 04.11.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।



प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 04.11.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कोतवाली नगर की पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 18 नफर अभियुक्तो को किया गिरफ्तार, कब्जे से कुल 42,610/- रुपये सहित 52 अदद ताश पत्ता बरामद।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर, श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अवैध जुआ,सट्टा तथा उसमें संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा थाना स्थानीय पर 03 टीमों का गठन किया गया था, गठित टीमों द्वारा 03 स्थान क्रमशः 1.मु0 सुभाषनगर थाना कोतवाली नगर महोबा से 10 नफर अभियुक्त 2.ग्राम शाहपहाड़ी थाना कोतवाली नगर महोबा से 04 नफर अभियुक्त 3.मु0 भटीपुरा से 04 नफर अभियुक्तगणों को सार्वजनिक स्थान पर ताश पत्तो से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर जिनके विरूद्ध थाना कोतवाली नगर पर क्रमशः मु0अ0सं0 567/24, 569/24 व 570/24 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गयी।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–

1. उ0नि0 देवेन्द्र कुमार ओझा चौकी इन्चार्ज सुभाष मय टीम
2. व0उ0नि0 सत्यपाल सिंह थाना कोतवाली नगर महोबा मय टीम
3. उ0नि0 सुजीत कुमार जायसवाल चौकी इन्चार्ज भटीपुरा मय टीम

### गिरफ्तार अभि0 गण का विवरणः-

1.दिनेश कुमार पुत्र खेमचन्द्र राजपूत उम्र 29 वर्ष निवासी बड़ी चंद्रिका माता मंदिर के पास मु0 शेखूनगर थाना कोवताली नगर महोबा 2. नरेन्द्र कुमार पुत्र कालीचरन अहिरवार उम्र करीब 25 वर्ष निवासी पठा तिगेला थाना कोतवाली नगर महोबा 3.दिनेश कुमार पुत्र जुगल किशोर उम्र 48 वर्ष निवासी भरवारा थाना पनवाड़ी जिला महोबा 4.सोनू गुप्ता पुत्र कौशल किशोर उम्र 26 वर्ष 5.करन यादव पुत्र बलवीर यादव उम्र 25 वर्ष 6. लोकेन्द्र सिंह पुत्र अमान सिंह उम्र 24 वर्ष 7.रणधीर सिंह पुत्र लल्लू सिंह उम्र 41 वर्ष 8. प्रदीप कुमार पुत्र ललतेश कुमार उम्र 27 वर्ष निवासी मु0 समदनगर थाना कोतवाली नगर महोबा 9.अजय नामदेव पुत्र जयपाल नामदेव उम्र 24 वर्ष निवासी मु0 समदनगर थाना कोतवाली नगर महोबा 10.छत्रपाल यादव पुत्र चन्द्रभान उम्र 42 वर्ष निवासी मु0 समदनगर थाना कोतवाली नगर महोबा 11. परशुराम पुत्र हरीदास उम्र 35 वर्ष निवासी कुम्डौरा माफ थाना कोवताली नगर जनपद महोबा 12. राजेन्द्र पाठक पुत्र हरीप्रसाद उम्र 30 वर्ष निवासी कुम्डौरा माफ थाना कोवताली नगर जनपद महोबा 13.अनिल यादव उर्फ अन्नू पुत्र सुरेश यादव उम्र 25 वर्ष निवासी कुम्डौरा माफ थाना कोवताली नगर जनपद महोबा 14. बरातीलाल पुत्र टउआ उम्र 45 वर्ष समस्त निवासी कुम्डौरा माफ थाना कोवताली नगर जनपद महोबा 15. उमेश यादव पुत्र बृजगोपाल उम्र 30 वर्ष निवासी लौडी तिगेला समदनगर थाना कोतवाली नगर महोबा 16.वीर सिंह पुत्र कल्लू यादव उम्र 25 वर्ष बड़ीहाट इस्लामिया स्कूल के पास थाना कोतवाली नगर महोबा 17. महेश्वरीदीन तिवारी पुत्र मैयादीन तिवारी उम्र 35 वर्ष निवासी बड़ीहाट थाना कोतवाली नगर महोबा 18. नरेश पुत्र मैयादीन तिवारी उम्र 42 वर्ष निवासी बड़ीहाट (गैस एजेंसी के पीछे) थाना कोतवाली नगर महोबा





उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 04.11.2024**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## थाना कोतवाली नगर महोबा की पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं अपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं अवैध तमंचों के रोकथाम हेतु सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में दिनांक 03.11.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली महोबा प्रभारी निरीक्षक श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 श्रीकान्त तिवारी मय हमराह कर्मचारियों के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर बडी चन्द्रिका मन्दिर जाने वाले मोड बरगद के पेड के पास बहद कठकुलवा के पास से अवैध शस्त्र के साथ एक नफर अभियुक्त हिमांशू साहू पुत्र ज्ञानचन्द्र साहू उम्र करीब 23 वर्ष निवासी मु0 भीतरकोट थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा को हिरासत में लिया जिसके कब्जे से एक अदद तमंचा 12 बोर नाजायज व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर नाजायज बरामद हुआ। अभियुक्त के कब्जे से हुई बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना हाजा पर मु0अ0सं0- 568/24/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया व नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही के उपरान्त गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

हिमांशू साहू पुत्र ज्ञानचन्द्र साहू उम्र करीब 23 वर्ष निवासी मु0 भीतरकोट थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा।

**बरामदगी-** 01 अदद तमंचा 12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर नाजायज

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-**

1. उ0नि0 श्रीकान्त तिवारी थाना कोतवाली नगर महोबा
2. उ0नि0 प्रशिक्षु सत्यम मिश्रा थाना कोतवाली नगर महोबा
3. का0 विनोद कुमार थाना कोतवाली नगर महोबा



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 04.11.2024**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## थाना कुलपहाड़ की पुलिस टीम ने चोरी की मोटरसाइकिल तथा अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तारः-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं अपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं अवैध तमंचों के रोकथाम हेतु सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 04.11.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थाना कुलपहाड प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह द्वारा गठित की गयी उ0नि0 दिनेश तिवारी मय हमराह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 01 नफर अभियुक्त बृजभान अहिरवार पुत्र देवीदीन उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम बगमऊ थाना लवकुशनगर जनपद छतरपुर म0प्र0 को थानाक्षेत्र के बाघविराजन मन्दिर के आगे इन्दौरा मोड़ पुलिया कस्बा कुलपहाड़ से हिरासत में लिया। इस दौरान अभियुक्त के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर नाजायज मय एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। इस दौरान अभियुक्तो के कब्जे से बरामद एक अदद मोटरसाइकिल होण्डा एसपी 125 डिस्क रंग काला रजि0 नम्बर DL11 PF8832 के बारे में जानकारी की गयी तो ज्ञात हुआ कि उक्त मोटर साइकिल दिल्ली से चोरी हुई थी जिसके सम्बन्ध में ई FIR संख्या 033034 अन्तर्गत धारा 305(B) BNS जिला क्राइम ब्रान्च दिल्ली थाना ई पुलिस स्टेशन पश्चिम विहार वेस्ट आऊटर डिस्ट्रिक्ट में पंजीकृत है। बरामद चोरी की मोटरसाइकिल के सम्बन्ध में दिल्ली के सम्बन्धित थाने को सूचित किया गया है।

अभियुक्त के कब्जे से हुई बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 333/2024 धारा 317(2)/317(5) BNS व 3/25 A ACT का अभियोग पंजीकृत करते हुए नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही सम्पादित की गई ।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

बृजभान अहिरवार पुत्र देवीदीन उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम बगमऊ थाना लवकुशनगर जनपद छतरपुर म0प्र0

### बरामदगी का विवरणः-

एक अदद चोरी की मोटरसाइकिल होण्डा एसपी 125 डिस्क रंग काला रजि0 नम्बर DL11 PF8832 तथा एक अदद तमंचा 315 बोर नाजायज मय एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 दिनेश तिवारी 2. उ0नि0 विकास तिवारी
3. हे0का0 सुमित कुमार 4. का0 दिनेश कुमार सिंह



## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में मिशन शक्ति जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया–

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज-5 के तहत आज दिनांक- 04.11.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा मुख्यालय महोबा अवस्थित राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज महोबा में महिला सशक्तिकरण हेतु एक जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु आयोजित जागरुकता कार्यशाला के दौरान मिशन शक्ति फेज-5.0 तहत नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन एवं नारी सशक्तिकरण हेतु उपस्थित स्कूली छात्राओं एवं महिलाओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम के प्रति मुखर होकर आवाज उठाने लिए प्रेरित किया गया तथा महिलाओं से संबंधित अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जागरूक कर महिला सशक्तिकरण हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाओ के संबंध में जानकारी दी गयी साथ ही किसी भी अप्रिय घटना के बारे में संदेह होने पर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया गया व गुड टच एवं बैड टच तथा महिला अधिकारों व महिला सम्बन्धी अपराध से बचाव हेतु उपायों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा जागरुकता पम्पलेट का वितरण किया गया।

इस दौरान महिला थाना प्रभारी श्रीमती सुषमा चौधरी, स्कूल प्रिन्सिपल श्रीमती आशी सिंह सहित स्कली के शिक्षक, कोतवाली महोबा एवं महिला थाना मिशन शक्ति टीम सहित स्कूली छात्राएं मौजूद रही।








## यातायात माह नवंबर के दृष्टिगत यातायात पुलिस टीम ने चलाया विशेष जागरूकता अभियान-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में यातायात नियमों के प्रति जनजागरूकता का प्रचार-प्रसार किये जाने तथा सड़क दुर्घटनाओं में अंकुश लाये जाने के उद्देश्य से जनपदीय यातायात पुलिस टीम द्वारा यातायात माह नवंबर के तहत विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके क्रम में आज दिनांक- 04.11.2024 को जनपदीय यातायात पुलिस टीम द्वारा यातायात नियमों के प्रति जागरुकता कार्यक्रमों की श्रृंखला के क्रम में प्रभारी यातायात श्री सुनील कुमार सिंह द्वारा मुख्यालय महोबा क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न चौराहों, तिराहों, बस स्टैण्ड पर आम जनमानस को यातायात नियमों के पालन का महत्व बताया जा रहा है साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने से होने वाली जान-माल की संभावित हानि पर चर्चा की और लोगों को सुरक्षित रहने के लिए यातायात नियमों का पालन करने की प्रेरणा दी जा रही है।

इस अवसर पर यातायात जागरुकता पम्पलेट वितरित कर लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। बड़े वाहनों, जैसे ट्रैक्टर-ट्राली आदि पर लाइट रिफ्लेक्टिव टेप भी लगाए गए ताकि रात के समय वे आसानी से दिखाई दे सकें। इसके साथ ही, सभी को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई।

यातायात माह के रोस्टर के अनुसार, नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध प्रवर्तन की कार्यवाही भी की जा रही है, ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।









उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 04.11.2024**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु थाना कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत भारी पुलिस बल के साथ पैदल गस्त/एरियाडोमिनेशन किया गया।

आज दिनांकः- 04.11.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा जनपद में सुदृढ़ सुरक्षा एवं बेहतर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने तथा अराजकतत्वों पर पैनी नजर रखे जाने के उद्देश्य से थाना कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत शहर के व्यस्ततम स्थलों क्रमशः तहसील चौराहा, आल्हा चौक इत्यादि स्थलों में भारी पुलिस बल के साथ संवेदनशील स्थानों, मिश्रित आबादी वाली जगहों तथा प्रमुख कस्बों/बाजारों में फ्लैग मार्च कर एरियाडोमिनेशन किया गया इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा स्थानीय लोगों से संवाद कर सुरक्षा का एहसास दिलाया गया। साथ ही स्थानीय लोगों को अपराधिक गतिविधि की सूचना तुरन्त स्थानीय पुलिस प्रशासन को देने की अपील की गई।

इस दौरान प्र0नि0 कोतवाली नगर श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह, सहित थाना कोतवाली नगर महोबा में तैनात अन्य अधिकाकरी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहा।







